


# पंचदश बिहार विधान सभा

## सप्तम् सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-1 वृहस्पतिवार, दिनांक- 29 नवम्बर, 2012 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.20 बजे पूर्वाह्न तक ।

[1] **अध्यक्ष द्वारा प्रारंभिक सम्बोधन :-**

यथा संलग्न ।

[2] **अध्यासी सदस्य का मनोनयन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने पंचदश बिहार विधान सभा के सप्तम् सत्र के लिए निम्नांकित मा० सभासदों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया :-

(i) श्री हरिनारायण सिंह, स०वि०स०

(ii) श्री राम लषण राम 'रमण', स०वि०स०

(iii) श्रीमती गुड्डी देवी, स०वि०स०

[3] **कार्यमंत्रणा समिति का गठन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने पंचदश बिहार विधान सभा के सप्तम् सत्र के लिए निम्न प्रकार से कार्यमंत्रणा समिति का गठन किया :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष, बिहार विधान सभा, | सभापति |
| 2. | श्री नीतीश कुमार, सदन नेता | सदस्य |
| 3. | श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष | सदस्य |
| 4. | श्री सुशील कुमार मोदी, उप मुख्यमंत्री, | सदस्य |
| 5. | श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, संसदीय कार्य, | सदस्य |
| 6. | श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, | सदस्य |
| 7. | श्री नन्द किशोर यादव, मंत्री, | सदस्य |
| 8. | श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, नेता, विरोधी दल, | सदस्य |

विशेष आमंत्रित सदस्य :-

1. श्री श्रवण कुमार, स०वि०स०
2. श्री सदानंद सिंह, स०वि०स०
3. श्री अवधेश कुमार राय, स०वि०स०
4. श्री जाकिर हुसैन खान, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज ही सभा की बैठक समाप्त होने के बाद अध्यक्षीय कार्यालय कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी ।

[4] अनुमत विधेयकों का विवरण सभा पटल पर रखा जाना :-

सभा सचिव द्वारा बिहार विधान सभा में उद्भूत एवं बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथा पारित तथा षष्ठम् सत्रोपरांत महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमत विधेयकों का निम्न विवरण सभा पटल पर रखा गया :-

| क्रमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2012 | 16.08.2012 |
| 2. | बिहार आकस्मिकता निधि (संशोधन) विधेयक, 2012 | 16.08.2012 |
| 3. | बिहार मूल्यवर्द्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2012 | 16.08.2012 |
| 4. | बिहार भूमि दाखिल-खारिज (संशोधन) विधेयक, 2012 | 27.08.2012 |
| 5. | बिहार लोक भूमि अतिक्रमण (संशोधन) विधेयक, 2012 | 27.08.2012 |
| 6. | बिहार भूमि विवाद निराकरण (संशोधन) विधेयक, 2012 | 27.08.2012 |

[5] शोक प्रकाश :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की :-

(i) स्व० राम सेवक हजारी - पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व सांसद
(ii) स्व० शकील अहमद खाँ - पूर्व स०वि०स० एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री
(iii) स्व० रामचन्द्र यादव - पूर्व स०वि०स०
(iv) स्व० चन्देश्वर प्रसाद - पूर्व स०वि०स०
(v) स्व० मुरलीधर मंडल - पूर्व स०वि०स०
(vi) स्व० प्रेमलता राय - पूर्व स०वि०स० एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री
(vii) स्व० कैलाशपति मिश्र - पूर्व स०वि०स०, पूर्व राज्यपाल (गुजरात एवं राजस्थान) एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री
(viii) स्व० आदित्य सिंह - पूर्व स०वि०स० एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री
(ix) स्व० मंगल सिंह लामेय - पूर्व स०वि०स० एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की । माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना संबंधित शोकाकुल परिवारों के पास भेज दिया जाय ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक 30.11.2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-29.11.2012

लक्ष्मीकान्त झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

## प्रारम्भिक सम्बोधन

माननीय सदस्यगण,

पंचदश बिहार विधान सभा के सप्तम सत्र के शुभारम्भ के अवसर पर मैं आप सबों का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ ।

वर्त्तमान सत्र के दौरान राजकीय विधेयक, गैर-सरकारी संकल्प तथा वित्तीय वर्ष 2012-13 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी के व्यवस्थापन का कार्यक्रम निर्धारित है ।

संसदीय लोकतांत्रिक प्रणाली के विस्तार एवं विकास के साथ विधायी निकायों का दायित्व भी बढ़ता जा रहा है, जिससे हम सभी की भूमिकायें अहम हो गई है । हमारा प्रदेश विकास की ओर उन्मुख है जिसकी चर्चाऐं हमारे देश में ही नहीं, बल्कि पड़ोसी देशों के साथ-साथ विकासशील देशों में भी हो रही है । हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान के सीनेट एवं पाकिस्तान नेशनल एसेम्बली के सदस्यों के एक शिष्ट-मंडल का आगमन 25 अगस्त, 2012 को बिहार विधान सभा प्रांगण में हुआ था। शिष्टमंडल के साथ पारस्परिक विचारों के आदान-प्रदान से एक दूसरे को आत्मीय होने का सुअवसर प्राप्त हुआ । इस शिष्टमंडल के आगमन से हमें एक सुखद अनुभूति हुई और हमारे शिष्टाचार एवं व्यवहार से वे भी अत्यधिक अभिभूत हुये ।

हमारे प्रदेश की सरकार एवं विधायिका के कार्यक्रमों के अध्ययन हेतु महाराष्ट्र के पत्रकारों के एक शिष्ट-मंडल का भी बिहार में आगमन हुआ, जिनके साथ दिनांक 18-10-2012 को बिहार विधान सभा के बैंकेट हॉल में हमारे पत्रकार दीर्घा समिति के सदस्यों के साथ शिष्टाचार बैठक हुई, जिसमें विचारों के आदान-प्रदान से हम दोनों लाभान्वित हुये । महाराष्ट्र के पत्रकार

श्री प्रकाश साम्वत् ने सम्बोधन में कहा " हमें चार स्टेट्स से आमंत्रण आये थे, लेकिन हमने बिहार को ही चुना " - यह इंगित करता है कि बिहार के प्रति अन्य प्रदेशों के लोगों का आकर्षण बढ़ा है ।

हमारे सदन नेता श्री नीतीश कुमार के हाल के पाकिस्तान यात्रा से हम दोनों का पारस्परिक संबंध प्रगाढ़ ही नहीं हुआ है, बल्कि हम एक दूसरे के आत्मीय भी हुये हैं । हम सभी का कर्त्तव्य है कि प्रदेश की पहचान एवं छवि और अधिक विकसित करने में हम अपना योगदान देते रहें, जो सदन के अंदर लोक हित में अपना सकारात्मक भूमिका के निर्वहन से हो सकता है । संसदीय लोकतंत्र को मजबूत करना हमारा कर्त्तव्य है ।

पूर्व की भांति सदन के प्रश्नोत्तर-काल का सीधा एवं डेफर्ड प्रसारण कराने की व्यवस्था की गई है, जिससे बिहार के आम-आवाम सदन की गतिविधियों से अवगत हो सकेंगे ।

मुझे आशा एवं विश्वास है कि सदन के संचालन में आप सभी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा ।